## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 23.11.2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ की अध्यक्षता में गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ के पत्रांक 2077/सा0–7/129 दिनांक 22.11.2021 द्वारा दिनांक 23.11.2021 को आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. मुख्य विकास अधिकारी – उपाध्यक्ष
2. जिला विकास अधिकारी – सदस्य
3. प्रभागीय वनाधिकारी स्वय अथवा उनके द्वारा नमित सदस्य – सदस्य
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, – सदस्य
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, – सदस्य
6. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई – सदस्य
7. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, – सदस्य
8. जिला कृषि अधिकारी, – सदस्य
9. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, – सदस्य
10. जिला पंचायत राज अधिकारी, – सदस्य
11. अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, उ0प्र0 जल निगम, हापुड़ – सदस्य सचिव
12. तहसीलदार, तहसील हापुड़/धौलाना/गढ़मुक्तेश्वर।

सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन हापुड़ द्वारा प्रस्तुत किये गये एजेण्डा नोट का बिन्दुवार विवरण निम्नवत् हैः–

### एजेण्डा बिन्दु संख्या –01 (भूमि की उपलब्धता) :–

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ के अन्तर्गत वर्तमान में 241 ग्रामों में से 186 ग्रामों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि प्राप्त हो चुकी है। निर्देश दिये गये कि शेष 55 ग्रामो में पेयजल योजना के निर्माण हेतु ग्राम समाज की निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु फर्म द्वारा सम्बन्धित तहसीलदार से व्यक्तिगत सम्पर्क कर भूमि उपलब्ध करने हेतु प्रयास किये जायें।

**(कार्यवाही– समस्त उपजिलाधिकारी)**

**एजेण्डा बिन्दु सं0–02 (डी0पी0आर0 विरचन का कार्य) :–**

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर से वर्तमान तक कुल 93 नग पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 संस्तुति कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित कर दी गई थी। जिनमें से कुल 87 नग पेयजल योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी है। रू0 6000.00 से अधिक प्रति व्यक्ति लागत वाली डी0पी0आर0 का पुनरीक्षण टी0पी0आई0 द्वारा करा लिया जाये। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि शीघ्र निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष डी0पी0आर0 विरचन का कार्य पूर्ण किया जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु सं0–03 (अनुबन्ध गठन की कार्यवाही) :–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना "जल जीवन मिशन कार्यक्रम" के अन्तर्गत जनपद हापुड के प्रत्येक ग्राम में हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण पेयजल योजना हेतु **एक त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठित किया जाना है, जिसमें सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (प्रथम पक्ष), ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (द्वितीय पक्ष) एवं कार्यदायी फर्म (तृतीय पक्ष) के रूप में कार्य करेंगी।** राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक में जनपद हापुड के 87 नग ग्रामों में ग्रामीण पेयजल योजना के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 स्वीकृत हो चुकी हैं, जिसके सापेक्ष 44 नग ग्रामों में त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, अहमदाबाद)**

**एजेण्डा बिन्दु सं0–04 (ISA) :–**

दोनों एजेन्सियों द्वारा अवगत कराना है कि अनुबन्ध गठित होने के पश्चात् एजेंसी द्वारा केवल 175 ग्रामों के VAP एवं 298 पानी समितियां तैयार किये गये हैं एवं 45 नग कर्मचारी उक्त कार्य हेतु कार्यरत हैं। एजेन्सियों को निम्न निर्देश दिये गये वी0ए0पी0 से सम्बन्धित समस्त विवरण शेयर किये जायें तथा जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी (पं0) को सामुहिक कार्यक्रम में आमन्त्रित किया जाये, जिससे जनजागरूकता कार्यक्रम बेहतर एवं प्रभावशाली रूप से संचालित हो सके। एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के खाते खोले जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों से संपर्क कर अग्रिम कार्यवाही कराये। एजेन्सियों द्वारा कृत कार्यों का presentation प्रस्तुत किया गया एवं वर्तमान तक कार्य उपयुक्त पाये गये।

एजेंसियों को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ISA)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या– 05 :–जल जीवन मिशन (100 दिन का अभियान) –**

कार्यालय उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0, निर्माण इकाई–5, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर 49 प्राथमिक विद्यालय एवं 2 आंगनवाड़ी केन्द्रों में 15 प्राथमिक विद्यालय फीजेबिल पाए गए। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कार्यस्थल के फोटोग्राफ संलग्न कर प्रस्तुत किये जायें एवं बिना जांच किये कार्य का भुगतान किसी भी दशा में न किया जाये। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्रामवार प्रगति की जांच कराने हेतु निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– खण्ड शिक्षा अधिकारी/ उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0)

**एजेण्डा बिन्दु संख्या 06 :– थर्ड पाटी (TPI) द्वारा पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे निरीक्षण की प्रगति:–**

थर्ड पाटी निरीक्षण हेतु निर्धारित एजेंसी मै0 आरवी एसोसिएटस्, आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कन्सलटेन्ट प्रा0लि0, रवुला रेसीडेन्सी, श्रीनगर रोड, मैन कॉलोनी, हैदराबाद को नामित किया गया है, जिनके द्वारा यू0पी0पी0सी0एल एवं उ0प्र0 जल निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों का थर्ड पार्टी निरीक्षण किया जा रहा है जिसमें कि टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी कार्य गुणवत्तापरक कराये जा रहे है, जिसके संबंध में टी0पी0आई0 द्वारा presentation भी प्रस्तुत किया गया है।

**एजेण्डा बिन्दु संख्या 05 :– अनुरक्षणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओ पर कराये जा रहे कार्य (रेट्रोफिटिंग):–**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हापुड़ में स्वीकृत 62 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से 52 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुके हैं। निर्देश दिये गये कि शेष 10 पेयजल योजनाओं को भी यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 को क्रॉस चैक करने हेतु लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया गया। लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा डी0पी0आर0 चैक करने के उपरान्त निम्नवत् डी0पी0आर0 उपयुक्त पाई गई। विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की सं0 | योजना में प्राविधानित FHTC की सं0 | वर्क कॉस्ट (लाख) | सैंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुखदेवपुर | धौलाना | 1 | 229 | 142.35 | 15.89 | 158.24 | 5921 |
| 2 | शौलाना | धौलाना | 1 | 690 | 294.70 | 32.89 | 327.59 | 4835 |
| 3 | करनपुर जट्ट | धौलाना | 1 | 764 | 228.52 | 25.5 | 254.02 | 4659 |
| 4 | पारपा | धौलाना | 1 | 890 | 248.16 | 27.7 | 275.86 | 4279 |
| 5 | मदापुर मुस्तफाबाद | धौलाना | 1 | 583 | 229.49 | 25.61 | 255.10 | 4069 |
| 6 | बहांपुर ठेरा | गढमुक्तेश्वर | 1 | 222 | 126.26 | 14.09 | 140.35 | 5998 |
| 7 | डेहरा | गढमुक्तेश्वर | 1 | 713 | 290.17 | 32.39 | 322.56 | 5261 |
| 8 | बिहूनी | गढमुक्तेश्वर | 1 | 515 | 245.15 | 27.36 | 272.51 | 5163 |
| 9 | मानक चौक | गढमुक्तेश्वर | 1 | 416 | 197.38 | 22.03 | 219.41 | 5972 |
| 10 | बागडपुर | गढमुक्तेश्वर | 1 | 719 | 254.18 | 28.37 | 282.55 | 3641 |
| 11 | कटि उर्फ शंकर टीला | गढमुक्तेश्वर | 1 | 204 | 136.05 | 15.18 | 151.23 | 5993 |
| 12 | शेरपुर आलापुर | गढमुक्तेश्वर | 1 | 964 | 349.27 | 38.98 | 388.25 | 3477 |
| 13 | मुशर्रफपुर झंडा + भटैल | हापुड़ | 2 | 605 | 273.75 | 30.55 | 304.30 | 5994 |
| 14 | नली हुसैनपुर + दयानतपुर | हापुड़ | 2 | 969 | 390.18 | 43.55 | 433.73 | 5488 |
| 15 | कस्तला कासमाबाद | हापुड़ | 1 | 1087 | 391.79 | 43.73 | 435.52 | 4164 |
| 16 | शाहबुद्दीन नगर + धरमपुर 15 बिस्वा | हापुड़ | 1 | 404 | 219.95 | 24.55 | 244.50 | 5987 |
| 17 | काठीखेड़ा | हापुड़ | 1 | 560 | 292.05 | 32.59 | 324.64 | 4670 |
| 18 | अच्छेजा | हापुड़ | 1 | 805 | 294.62 | 32.88 | 327.50 | 3878 |
| 19 | गौंदी | हापुड़ | 1 | 461 | 205.36 | 22.92 | 228.28 | 3666 |
| 20 | सरावा | हापुड़ | 1 | 1243 | 421.68 | 47.06 | 468.74 | 3031 |
| 21 | चितौली | हापुड़ | 1 | 470 | 193.62 | 21.61 | 215.23 | 5998 |
| 22 | रघुनाथपुर+चांदपुरा | हापुड़ | 2 | 1033 | 368.16 | 41.09 | 409.25 | 3749 |
| 23 | अयादनगर दक्षिण + आयदनगर उत्तर | हापुड़ | 2 | 948 | 348.47 | 38.89 | 387.36 | 4034 |
| 24 | मतनावली | हापुड़ | 1 | 354 | 188.52 | 21.04 | 209.56 | 5996 |
| 25 | फरीदपुर सिम्भावली | सिम्भावली | 1 | 591 | 265.12 | 29.59 | 294.71 | 4205 |
| 26 | सलोनी | सिम्भावली | 1 | 496 | 252.04 | 28.13 | 280.17 | 5923 |
| 27 | गंधू नगला | सिम्भावली | 1 | 561 | 252.04 | 28.13 | 280.17 | 5485 |
| 28 | खेड़ा + दरियापुर खुर्द | सिम्भावली | 1 | 352 | 199.76 | 22.29 | 222.05 | 5880 |
| | | कुल योग | | 17848 | | | 8113.38 | |

जनपद हापुड़ के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई 35 नग डी0पी0आर0 में से उपरोक्त 28 नग डी0पी0आर0 (**अनुमानित लागत रू0 8113.38 लाख**) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा

संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा रही है।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) कम्पाउण्ड, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।,
5. मुख्य अभियन्ता (मेरठ), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम मण्डल, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़।
8. जिला विकास अधिकारी, हापुड़।
9. जिला वनाधिकारी, हापुड़।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हापुड़।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हापुड़।
12. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), हापुड़।
13. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई, हापुड़।
14. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, हापुड़।
15. जिला कृषि अधिकारी, हापुड़।
16. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, हापुड़।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़